भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 708

जिसका उत्तर मंगलवार 07 फरवरी, 2017 को दिया जाना है

**भेल में उत्पादन और विकास**

**708. श्री सी एस पुट्टा राजू:**

**श्री आलोक संजर:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) द्वारा विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान निर्धारित उत्पादन लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान अब तक कितने उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है;

(ग) भेल अपने उत्पादन लक्ष्यों को कहां तक पाने में सफल रहा है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सहायता प्रदान की गई है;

(घ) भेल में विगत तीन वर्षों के दौरान रिक्त पड़े स्थानों का ब्यौरा क्या है तथा इन पदों को भरने के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) सभी रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) और (ख): भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड(बीएचईएल) के उत्पादन लक्ष्य और तदनुरूपी उपलब्धियां कंपनी के वित्तीय कारोबार में दर्शायी गयी हैं। पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष अर्थात् 2013-14, 2014-15, 2015-16 और 2016-17(दूसरी तिमाही तक) के दौरान का ब्यौरा **अनुबंध - 1** में दिया गया है।

(ग): बीएचईएल को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य उच्च प्रौद्योगिकी वाले विद्युत उत्पादक और पारेषण उपकरण के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना था। यह उद्देश्य कंपनी के कार्यनिष्पादन के बहुत अच्छे ट्रैक रिकार्ड से पूरा हो चुका है तथा कंपनी 1976-77 से लाभांश का भुगतान कर रही है। बीएचईएल ने आज की तारीख तक घरेलू और विदेशी बाजारों में 170 गीगा-वाट से अधिक के विद्युत उत्पादन उपकरणों की आपूर्ति और संस्थापना की है। जहां तक विद्युत पारेषण का संबंध है, बीएचईएल अपने उत्पादों/प्रणालियों को उन्नत कर रही है तथा कंपनी ने 1200 केवी और 765 केवी ट्रांसफार्मर, 1200 केवी सीवीटी,765 केवी शंट रिएक्टर, 145 केवी जीआईएस आदि सफलतापूर्वक विकसित किए हैं। कंपनी ने विभिन्न उद्योगों, तेल और गैस, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा(सौर) आदि के लिए उपकरण/उत्पादों से संबंधित अन्य क्षेत्रों में विविधीकरण भी किया है। अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार के क्षेत्र में, बीएचईएल के पास (2015-16 तक) 3,440 से अधिक पेटेन्ट और कॉपीराइट दर्ज हैं। कंपनी ने ताप विद्युत परियोजनाओं के लिए अत्याधुनिक सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी प्राप्त कर ली है तथा कंपनी फिलहाल "ताप विद्युत संयंत्रों के लिए एडवांस्ड अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी (एड-यूएससी) का विकास" हेतु अनुसंधान और विकास परियोजना पर कार्य कर रही है। इस परियोजना को बीएचईएल, इंदिरा गांधी सेंटर फोर एटमिक रिसर्च(आईजीसीएआर) और एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से मिशन मोड आधार पर चलाया जा रहा है जिसमें भारत सरकार ने अंशत वित्तीय सहायता दी है।

इसके अतिरिक्त, भारी उद्योग विभाग(डीएचआई) बीएचईएल का प्रशासनिक मंत्रालय, उपयुक्त मामला दर मामला आधार पर, उपयुक्त अंत:क्षेपों के माध्यम से अन्य सरकारी एजेन्सियों/विभागोंमंत्रालयों/ग्राहकों आदि के साथ कंपनी के मसलों को उठाने में अपेक्षित सहायता प्रदान करता है।

(घ) और (ङ.): बीएचईएल में पिछले तीन वर्षों(अर्थात 2013-14, 2014-15 और 2015-16) के दौरान विज्ञापित की गई रिक्तियों सहित प्रमुख रिक्तियों का ब्यौरा तथा इन रिक्तियों को भरने की समय सीमा **अनुबंध - 2** में दी गई हैं।

*****

**अनुबंध – 1**

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात् 2013-14, 2014-15, 2015-16 और 2016-17(दूसरी तिमाही तक) के दौरान उत्पादन लक्ष्यों तथा उपलब्धियों का ब्यौरा

राशि ₹ करोड़ में

| वित्तीय कारोबार : बीएचईएल | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य # | 43,000 | 45,600 | 33,000 | 32,000 (पूरा वर्ष) |
| वास्तविक उपलब्धि | 40,338 | 30,947 | 26,587 | 12,501 * (दूसरी तिमाही तक अनअंकेक्षित) |

# उपर्युक्त तालिका में लक्ष्य कंपनी के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित आंकडें हैं।

* सेवा कर को छोड़कर

**अनुबंध – 2**

***क. बोर्ड स्तर की रिक्तियां***

| निम्नलिखित तारीख को रिक्ति की स्थिति | निदेशक का प्रकार | रिक्तियों की संख्या | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| 31.03.2014 | कार्यकारी निदेशक | **1** निदेशक (ई, अनुसंधान एवं विकास) | निदेशक(ई, अनुसंधान एवं विकास) के पद का अतिरिक्त प्रभार निदेशक(पावर) के पास था। यह पद सितंबर 2015 में भर दिया गया है। |
| | स्वतंत्र निदेशक | **8** | इन रिक्तियों को भरने का मामला भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार में प्रक्रियाधीन है। |
| 31.03.2015 | कार्यकारी निदेशक | शून्य | -- |
| | स्वतंत्र निदेशक | **6** | इन रिक्तियों को भरने का मामला भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार में प्रक्रियाधीन है। दिसंबर, 29015 में 3 पद भरे गए। |
| 31.03.2016 | कार्यकारी निदेशक | **1** निदेशक (पावर) | निदेशक(पावर) के पद का अतिरिक्त प्रभार अध्यक्ष एवं प्रप्रबंध निदेशक, बीएचईएल के पास था। यह पद अगस्त, 2016 में भर दिया गया है। |
| | स्वतंत्र निदेशक | **3** | फरवरी, 2017 में कंपनी के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया। शेष दो रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार में जारी है। फरवर, 2017 में एक पद भर दिया गया है। |

**आज की स्थिति के अनुसार, बीएचईएल में कार्यकारी निदेशक के सभी पद भरे हुए हैं। केवल स्वतंत्र निदेशकों के दो पद रिक्त हैं।**

***ख. कार्यपालनिदेशक (ई9)और महाप्रबंधक (ई8) स्तर की रिक्तियां***

| निम्नलिखित तारीख को रिक्ति की स्थिति | ई9 और ई8 स्तर | रिक्तियों की संख्या | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| 31.03.2014 | ई9 | शून्य | -- |
| | ई 8 | 2 | रिक्तियां जून, 2014 में पदोन्नति के माध्यम से भर दी गई। |
| 31.03.2015 | ई 9 | 1 | -- |
| | ई 8 | 2 | रिक्तियां जून, 2015 में पदोन्नति के माध्यम से भर दी गई। |
| 31.03.2016 | ई 9 | 13 | रिक्तियां नवंबर, 2016 में पदोन्नति के माध्यम से भर दी गई। |
| | ई 8 | शून्य | -- |

**ग. अन्य प्रमुख रिक्तियां –जिनके लिए 2013-14, 2014-15 और 2015-16 में विज्ञापन दिया गया**

| विज्ञापन देने का वर्ष | स्थिति/ग्रेड और कार्य | स्वीकृत संख्या | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| 2013-14 | शून्य | -- | -- |
| 2014-15 | जीडीएचओ (ई1) और एसएमओ (ई 2) / चिकित्सा | 10 | चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। |
| 2015-16 | सुरक्षा अधिकारी ई 1 | 1 | |
| | ई 3 – ई 5 / ट्रांसफार्मर समूह | 14 | |
| | इंजीनियर प्रशिक्षु – विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशेष भर्ती अभियान | 34 | |
| | इंजीनियर प्रशिक्षु (ईटी) / इंजीनियरी | 200 | |